value conflict solution ability, social consciousness and understanding of the Jurisprudential Teaching Strategy. Worksheets for Jurisprudential Inquiry Teaching and Observation schedules for giving feedback while peer practice were prepared. A three day workshop was organised to train teachers and the project fellow in effective use of Jurisprudential Teaching Strategy. Then a sample of 153 students was selected from girls studying in class IX of two schools of Allahabad. Three groups were formed and each consisted of 51 subjects. They were equated with respect to intelligence. First experimental group was exposed to 16 Jurisprudential Inquiry Teaching sessions. Second experimental group was exposed to 16 Jurisprudential Inquiry session. The third group, control group, was not exposed to any treatment. Pretest - Posttest experimental group - control group design was used. Social Consciousness Test and Value Conflict Solution Ability Test were administered before and after experimentation. Data on deprivation and 22 personality traits were collected from students of the two experimental groups. Analysis of Variance, t-test, product moment coefficients of correlation and multiple regression analysis were used for analysis of data. The present chapter embodies the major findings of the study, implications of findings, delimitations of the study and suggestions for further research.

4.1.0 FINDINGS

4.1.1 Effectiveness of Jurisprudential Strategy of teaching for developing value conflict solution ability

1. Jurisprudential Inquiry Teaching is effective for developing overall value conflict solution ability.

2. Exposure to JIT* brings about improvement in students' ability to identify value conflicts, social reasoning, perspective taking ability and ability to suggest qualifiers.

3. Exposure to IJI** brings about significant improvement in overall value conflict solution ability.

4. Exposure to IJI brings about significant improvement in social reasoning and ability to suggest qualifiers for value conflict solutions.

5. Jurisprudential Inquiry Teaching is more effective than Individualized Jurisprudential Inquiry for developing students' overall value conflict solution

---

* JIT = Jurisprudential Inquiry Teaching

** IJI = Individualized Jurisprudential Inquiry

ability as well as four dimensions of it namely, ability to identify value conflicts, social reasoning, perspective taking ability and ability to suggest qualifiers.

4.1.2 Effectiveness of Jurisprudential strategy of teaching for developing social consciousness

1. Jurisprudential Inquiry Teaching is effective for developing overall social consciousness.
2. Exposure to JIT brings about improvement in students' capacity to guess social problems, think of solutions of social problems and think of consequences of solutions of social problems.
3. Exposure to Individualized Jurisprudential Inquiry improves students' social consciousness.
4. Exposure to Individualized Jurisprudential Inquiry improves students' capacity to think of solutions of social problems and their consequences.
5. Jurisprudential Inquiry Teaching is more effective than Individualized Jurisprudential Inquiry for developing social consciousness - overall as well as three dimensions of it.

4.1.3 Correlates of development of social consciousness and value conflict solution abilities

1. Development of value conflict solution ability among students exposed to Jurisprudential Inquiry Teaching is positively related to crookedness and negatively related to pretest value conflict solution ability. Gains in ability to identify value conflicts (CVI) are positively related to crookedness, egoism and independence and negatively related to pretest CVI status. Gains in social reasoning (SR) are negatively related to analytical power and pretest SR status. Gains in perspective taking (PT) ability are negatively related to pretest PT status. Gains in ability to suggest qualifiers (QS) are negatively related to pretest QS status.

2. Development of value conflict solution ability (VCSA) among students exposed to Individualized Jurisprudential Inquiry is positively related to adaptability and negatively related to pretest VCSA status. Gains in CVI, SR and QS abilities are negatively related to pretest status on CVI, SR and QS abilities respectively. Gains in CVI are negatively related to hesitation. Gains in PT are negatively related to intelligence.

3. Development of social consciousness (OSC) among students exposed to Jurisprudential Inquiry Teaching is positively related to tolerance. Gains in capacity to guess problems is negatively related to deprivation. Gains in capacity to think of problem solutions and think of consequences of problem solutions are negatively related to pretest status on these capacities respectively. Gain in capacity to think of consequences of problem solutions is positively related to tolerance.

4. Development of social consciousness (OSC) among students exposed to Individualized Jurisprudential Inquiry is negatively related to initiative and pretest OSC status. Gain in capacity to guess problems (GP) is negatively related to deprivation and pretest GP status and positively related to intelligence. Gain in capacity to think of problem solutions (TPS) is negatively related to alienation tendency, initiative and pretest TPS status. Gain in capacity to think of consequences of problem solutions (TCPS) is negatively related to planned working, initiative and pretest TCPS status.

4.1.4 Prediction of development of value conflict solution ability and social consciousness

1. Pretest score on value conflict solution ability (X_{25}) crookedness (X_4) and questioning attitude (X_{18}) can predict development of value conflict solution ability among students exposed to Jurisprudential Inquiry Teaching. The regression equation is as follows -

$$Y_1 = 13.0971 - .5597\ X_{25} + .9372\ X_4 + .9281\ X_{18}$$

2. Pretest score on value conflict solution ability (X_{25}) and adaptability (X_{23}) can predict gains in overall value conflict solution ability among students exposed to Individualized Jurisprudential Inquiry. The regression equation is as follows -

$$Y_2 = 3.7427 - .2865\ X_{25} + .5185\ X_{23}$$

3. Tolerance (X_{24}) and creative motivation (X_{22}) can predict gains in social consciousness among students exposed to Jurisprudential Inquiry Teaching. The regression equation is as follows -

$$Y_3 = 2.0664\ X_{24} + 2.637\ X_{22} - 7.3762$$

4. Development of social consciousness among students exposed to Individualized Jurisprudential Inquiry

can be predicted from initiative and pretest status on social consciousness. The regression equation is as follows -

$$Y_4 = 12.4863 - .225\, X_{25} - .8604\, X_{19}$$

4.1.5 Development of teaching competence

The training strategy consisted of seven phases namely - (1) reading about how to rejuvenate teaching and theory of Jurisprudential Inquiry strategy of teaching; (2) demonstration; (3) going through tentative script of a lesson; (4) explanation of lesson plan format, Teaching Analysis Guide, Jurisprudential Inquiry Teaching Feedback Schedule; (5) Feedback on theory checkup and discussion to ensure mastery learning; (6) peer teaching using readymade lesson plans; (7) real teaching using self-made or ready-made case materials and lesson plans. It was found effective for developing teachers' competency to use Jurisprudential Teaching Strategy.

4.2.0 IMPLICATIONS

The present research project was undertaken to findout the effectiveness of Jurisprudential Inquiry Teaching and Individualized Jurisprudential Inquiry

for the development of social consciousness. Efforts were made to find out correlates and predictors of gains in social consciousness and value conflict solution abilities. A three day workshop was conducted for training teachers to use Jurisprudential Teaching Strategy. Case materials, worksheets, tests and lessons were prepared. The implications of the findings of this study emnate from the results of the efforts made to achieve different objectives of the study. The implications are constrained by limitations related to the contont and numbers of policy issues explored during teaching, willingness of students to participate in the process of Jurisprudential Inquiry Teaching, students' willingness to respond to requests for jurisprudential inquiry. The implications of this study are as follows -

1. Both Jurisprudential Inquiry Teaching (JIT) and Individualized Jurisprudential Inquiry (IJI) are effective for developing social consciousness and value conflict solution ability. Our teachers can use JIT to enable students to develop their social consciousness and value conflict solution abilities. They can depend upon the case materials developed for the present project. They can also use the IJI workbook. Students can go through and do the assigned tasks at home or in free periods. Teachers will find it easy to develop more IJI lessons and case materials

for JIT/IJI when they use the instructional materials developed for the present study.

2. All students do not derive equal benefits from exposure to teaching based on a particular teaching strategy. Findings of this study have revealed different sets of predictors for gains in social consciousness and value conflict solution ability. It seems that JIT is effective for developing value conflict solution ability among students who are more crooked and have high level questioning attitude; JIT is effective for developing social consciousness among students who are tolerant and have more creative motivation; IJI is effective for developing value conflict solution ability among students with more adaptability and IJI is effective for developing social consciousness among students who have less initiative. JIT and IJI are more effective for students who possess low level ability to solve value conflicts. IJI is more effective for students possessing low level social consciousness. Thus, teachers need to consider the entering level with respect to social consciousness and value conflict solution ability and the personality traits in order to select JIT or IJI.

3. Students find it difficult to solve various value conflicts and findout appropriate solutions of various social problems. They can use IJI lessons to develop

their own ability to solve value conflicts and social consciousness. Thus, they will protect themselves from personality disintegration, frustration, stress, strain and maladjustment because of their developed abilities to solve value conflicts and social consciousness.

4. Everyone has a right to education. Principle 7 of the Declaration on the Rights of the Child, adopted by the United Nations on November 20, 1959, states- "The child is entitled to receive education, which shall be free and compulsory, at least in the elementary stages. He shall be given an education which will promote his general culture, and enable him on a basis of equal opportunity to develop his abilities, his individual judgement and his sense of moral and social responsibility, and to become a useful member of society." Our country is trying to make primary education free and compulsory. All children do not get right type of education. Awareness about the rights of children can be developed if teachers use JTT or IJI.

5. Teachers can use the Value Conflict Solution Ability Test and Social Consciousness Test for measuring students' value conflict solution ability and social consciousness.

6. While training teachers to use Jurisprudential Teaching Strategy, efforts were made to prepare an achievement test

for measuring teachers' understanding of theory about the teaching strategy. This can be used by teacher educators to assess student teachers' understanding of Jurisprudential Teaching Strategy. The training strategy developed by us can be used for training teachers to use a teaching strategy.

4.3.0 DELIMITATIONS

Following have been the delimitations of the present study -

1. The test used for measuring value conflict solution ability consists of four subtests. These subtests measure ability to identify value conflicts, social reasoning, perspective taking ability and ability to suggest qualifiers for a solution.

2. The Social Consciousness Test measures students' capacity to guess social problems, think of solutions of social problems and think of consequences of social problem solutions.

3. Students of the two experimental groups could be exposed to 16 JIT/IJI sessions. The time taken for exploring the policy stances was not the same for each session.

4.4.0 SUGGESTIONS FOR FURTHER RESEARCH

The present study attempts to study the effectiveness of exposure to 16 JIT/IJI sessions. Researchers may investigate the effectiveness of more exposures. Studies may be undertaken to find out the suitability of JIT and IJI for developing value conflict solution ability and social consciousness of students differing with respect to personality traits, intelligence, deprivation, creativity, inquisitiveness and formal reasoning.

There is a need to undertake studies to find out the effectiveness of Jurisprudential Teaching Strategy for developing values such as scientific temper, dedication, equality, national integration, protection of the environment, observance of small family norm, secular mindedness, social cognition, civic, sense, justice, morality, fratornity and nonviolence.

Video lessons may be prepared and used for developing various values. Studies need to be undertaken to establish utility of the video lessons.

BIBLIOGRAPHY

Agarwal, P. Vidyarthion Ke Mulyon Ke Vikas per Nyayik Shikshan Pratiman Ka Prabhav, M.A. dissertation, University of Allahabad, 1987.

Anderson, N. & Graesser, C. An Information Integration Analysis of Attitude Change in Group Discussion. Journal of Personality and Social Psychology, 1976, 34, 210-222.

Bajpai, A. An Experimental Study of an Educational Intervention Curriculum for Value Development and Its Facilitative Effect upon the Development of Moral Judgement. Unpublished thesis, Lucknow University, 1990.

Berndt, T.J.; Mc Cartney, K.; Caparulo, B.K. and Moore, A.M. The Effects of Group Discussion on Children's Moral Judgement. Psychological Abstracts, 1985, 72, 10-12.

Dubey, V. The Effect of Jurisprudential Inquiry Model of Teaching for Developing Social Problem Solving Ability and Seculamindedness. M.Ed. Dissertation, University of Allahabad, 1989.

Fraenkel, J.R. How to Teach About Values ? Englewood Cliffs : Prentice Hall Inc. 1977.

Garrett, H.E. Statistics in Psychology and Education Bombay : Vakils, Feffer and Simons Ltd. 1966.

Govt. of India, Programme of Action : National Policy on Education 1986. New Delhi : Ministry of Human Resources and Development.

Hasan, S. The Effect of Intelligence and Jurisprudential Inquiry Model of Teaching on the Development of Social Competence. M.Ed. dissertation, University of Allahabad, 1987.

Inagaki, K. & Hatano, G. Implications of Cognitive Motivation and Its Effect on Epistemic Observation. American Educational Research Journal, 1977, 14, 485-491.

Joyce, B. & Weil, M. Models of Teaching. New Delhi : Prentice Hall of India, 1985.

Joyce, B. & Weil, M. Models of Teaching. New Jersey : Prentice Hall, 1972.

Knibbe, D.S. The Effect of the Cognitive Conflict Discussion Strategy on the Levels of Honesty and Moral Reasoning of Innercity High School Students : A Field Experiment. Dissertation Abstract International, 1985, 46(3-4), 601-A.

Kaplan, M. Discussion Polarization Effects in a Modern Jury Decision Paradigm : Informational Influences. Sociometry, 1977, 40, 262-271.

Kaplan, M. & Miller, C. Judgements and Group Discussions : Effect of Presentation and Memory Factors on Polarization. Sociometry, 1977, 40,337-343.

Oliver, D. & Shaver, P. Teaching Public Issues in the High School. Boston : Houghton Mifflin, 1966.

Pandey, S.P. Instructional and Nurturant Effects of Jurisprudential Inquiry Model of Teaching. Unpublished doctoral thesis, University of Allahabad, 1990.

Passi, B.K.; Sansanwal, D.N. and Singh, A. Models of Teaching - Relative Effectiveness of Different Training Strategies. New Delhi : NCERT, 1988.

Passi, B.K. & Singh, P. Value Education. Agra : National Psychological Corporation, 1991.

Raths, L.E.; Harmin, M. & Simon, S.B. Values and Teaching. Columbus, Ohio : Charles E. Merill Publishing Co. 1966.

Singh, A.K. Comparison of Value Discussion Model with Conventional Approach in Terms of Value Clarification of B.Ed. Students. M.Phil. dissertation, DAVV, Indore, 1988.

Singh, R.N. A Study of Value Analysis Model in Developing the Competencies of Value Clarification in Student Teachers. M.Ed. dissertation, DAVV, Indore, 1989.

Singh, L.C. & Singh, P, Effectiveness of Value Clarifying Strategies in Value Orientation of B.Ed. students. Report of ERIC Funded Research Project. New Delhi : NCERT, 1986.

Sorot, K.S. Effectiveness of JIM in Developing Value Clarifying Competencies of B.Ed. Students. M.Phil. dissertation, DAVV Indore, 1988.

Tewari, K.K. Effect of Jurisprudential Inquiry Model on Shift in Value Preferences in Terms of Right to Equality and Freedom upon VIII Grade Students. M.Phil. dissertation, DAVV, Indore, 1986.

Tjosvold, D. & Johnson, D.W. The Effects of Controversy on Cognitive Perspective Taking. Journal of Educational Psychology, 1977, 69, 679-685.

Tjosvold, D. & Johnson, D.W. Controversy, Cooperation and Competition and Accuracy of Cognitive Perspective Taking. Contemporary Educational Psychology, 1978, 3, 376-386.

LIST OF ANNEXURES

1. टिहरी बाँध परियोजना विवाद

"उत्तर प्रदेश के गढ़वाल मंडल में भागीरथी नदी पर बाँध बनाया जा रहा है। अब तक इस बहुउद्देशीय परियोजना में चार अरब रुपये व्यय भी हो चुके हैं। टिहरी बाँध को लेकर सर्वाधिक विवाद इस तथ्य पर है कि जिस क्षेत्र में यह बांध बनाया जा रहा है उस क्षेत्र में भूकम्प की प्रबल आशंका रहती है तथा यह बांध इतना मजबूत नहीं है कि वह भूकम्प के झटकों को सह पावे। विशेषज्ञों की चेतावनी के अनुसार एक भूकम्प इस बाँध को नष्ट कर देगा तथा इसका पर्यावरण पर बुरा असर पड़ेगा। कहा जाता है कि हिरोशिमा पर गिराये गये बमों से जितनी क्षति हुई उससे 1500 गुना अधिक क्षति बाँध के टूटने से होगी। बाँध के समर्थक विशेषज्ञों का मानना है कि देश की बिजली तथा कृषि साधन सम्बन्धी आवश्यकताओं को पूरा करने का और कोई रास्ता नहीं है। उनके अनुसार जिस क्षेत्र में टिहरी बाँध परियोजना चल रही है वहाँ भूकम्प की संभावना अवश्य है किन्तु इस योजना की भूकम्प सम्बन्धी क्षमता की जाँच पड़ताल कर ली गई है और यदि यह परियोजना पूरी हो गई तो विकास की दिशा में भारत की यह एक और उपलब्धि होगी।

2. शिक्षा जगत से अंग्रेजी का बहिष्कार

अंग्रेजी अन्तर्राष्ट्रीय सम्पर्क भाषा के रूप में प्रतिष्ठित है। अन्तर्राष्ट्रीय ज्ञान विज्ञान के विस्तृत संसार में झाँकने के लिए इसका ज्ञान अनिवार्य था। आधुनिक लोग हिन्दी भाषा की अपेक्षा अंग्रेजी को अधिक महत्त्व देते हैं। देश का प्रशासनिक ढाँचा अंग्रेजियत से रंग गया है। वर्तमान सरकार ने आधुनिक शिक्षा को अंग्रेजी से मुक्त कराने का निश्चय किया है। सरकार के अनुसार अंग्रेजी लिखना बोलना हमारी गुलाम मानसिकता का द्योतक है। इसने हमें लाभ कम तथा हानि ज्यादा पहुँचाई है परन्तु कुछ विशिष्ट लोगों का कहना है कि यदि हम अंग्रेजी का तिरष्कार करेंगे तो हमारे देश का पतन होगा तथा विद्यार्थी बहुत सी सुविधाओं से वंचित हो जायेंगे। कुछ छात्रों का कहना है कि अंग्रेजी विषय के न रहने पर शिक्षा जगत में समानता आयेगी तथा लोगों में राष्ट्रप्रेम का विकास होगा।

3. चुनाव सुधार विधेयक

15 दिसम्बर 1988 द्वारा लोक सभा में पारित चुनाव सुधार विधेयक के अनुसार चुनाव में वोट देने की आयु सीमा 21 वर्ष से घटा कर 18 वर्ष कर दी गई है। इस संशोधन की व्याख्या करते हुए कानून मंत्री ने कहा कि आज के युवक युवतियाँ पढ़े लिखे और समझदार हैं। अतः वोटिंग की उम्र कम कर देने से युवा वर्ग को अपनी भावनाओं को प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा और वे भी राजनैतिक प्रक्रिया का अंग बन सकेंगे। बहुत लोगों का मानना है कि 18 वर्ष का बालक या बालिका 21 वर्ष के व्यक्ति के समान समझदार नहीं हो सकता है तथा उसके द्वारा गलत निर्णय की संभावना अधिक होती है।

5. पाँच दिन का सप्ताह

आजकल केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों में सप्ताह में पाँच दिन कार्य होता है व दो दिन अवकाश रहता है। कुछ लोगों का मानना है कि इससे कर्मचारियों की कुशलता नहीं बढ़ी है। इससे उन्हें मनोरंजन के लिए प्रतिदिन एक अतिरिक्त घंटा मिल गया है। वे राजनीतिक उलझनों पर चर्चा करते हैं या अपनी घरेलु समस्यायें सुलझाते हैं। महिलायें इस समय स्वेटर की बुनाई करती हैं। इस प्रकार राजकीय कार्यों की गति को बढ़ाने के लिए किया गया कार्य निष्प्रभावी हो गया। अतः आजकल लोग पुनः यह कहते हुए सुने जाते है कि सरकार को पुनः छः दिन का सप्ताह कर देना चाहिए।

5. राष्ट्रगान में धर्मगान के स्वर

केरल के एक स्कूल के तीन छात्र स्कूल की प्रार्थना में गाया जाने वाला राष्ट्रगान इस लिए नहीं गाते थे क्योंकि उनका धर्म इसकी इजाजत नहीं देता था। एक विधायक ने जब यह मामला उठाया तो तीनों छात्रों को स्कूल से निकाल दिया गया। अपने निष्कासन के विरुद्ध छात्रों ने उच्च न्यायालय में याचिका दी जहाँ के फैसले में कहा गया कि राष्ट्रगान में कोई ऐसी बात नहीं कही गई है जो किसी भी धर्म के खिलाफ जाती है। याचिका खारिज हो गई छात्र उच्चतम न्यायालय जा पहुँचे। उच्चतम न्यायालय में संविधान के अनुच्छेद 19।1। तथा 23।1। का हवाला देते हुए निर्णय दिया कि छात्रों का निष्कासन इस अनुच्छेद के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों में हस्तक्षेप है और छात्रों को राष्ट्रगान गाने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है। इस निर्णय पर कुछ लोगों ने कहा कि यह निर्णय धर्म के पक्ष में आया है और धर्म राष्ट्र से श्रेष्ठ हुआ। इन लोगों का कहना है कि संसद को एक कानून बनाना चाहिए ताकि भारत में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्रगान गाने के लिए बाध्य किया जा सके व धर्म

राष्ट्रीय एकता व अखंडता के लिए खतरा न बन सके। कुछ अल्पसंख्यक स्कूलों के शिक्षक इस निर्णय से प्रसन्न हुए। उनकी यह धारणा बनी कि विद्यालय में प्रार्थना में राष्ट्रगान के बजाय धर्मगान गाया जाय।

6. निजी कोचिंग

निजी कोचिंग पर प्रतिबन्ध लगाये जाने की माँग को लेकर छात्र राष्ट्रीय संगठन के तत्वावधान में आन्दोलन करना चाहते हैं। छात्र नेताओं का मत है कि अध्यापक कोचिंग के बहाने छात्रों से धन की वसूली करते हैं तथा छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करते हैं। शिक्षक अपने पाठ्यक्रम को विद्यालय में अच्छी तरह नहीं पढ़ाते हैं तथा छात्रों से कहते हैं कि " पास होना चाहते हो तो ट्यूशन पढ़ने आओ" । ऐसे में छात्रों को मजबूरन ट्यूशन पढ़ना पड़ता है। कुछ छात्रों का विचार है कि विद्यालय आये दिन बंद रहते हैं तथा शिक्षक अपना कोर्स समय से पूरा नहीं कर पाते हैं। ऐसी स्थिति में कोचिंग के अलावा कोई रास्ता नहीं है।

7. परमाणु अस्त्रों का निर्माण

अन्तर्राष्ट्रीय जगत में आज विधि की नहीं, शक्ति की पूजा होती है। अतः वर्तमान परिस्थितियों में भारत के पास परमाणु शक्ति की प्रहारक क्षमता का न होना इसकी शांति प्रियता नहीं बल्कि कमजोरी समझी जायेगी। विश्वयुद्ध के बाद ब्रिटेन के परमाणु अस्त्र सम्पन्न न होने के कारण अमरीका ने उसकी अवहेलना की थी किन्तु प्रधान मंत्री चर्चिल द्वारा ब्रिटेन को परमाणु अस्त्र सम्पन्न बना देने पर अमरीका का अहम आहत हुआ और उसने समान स्तर पर दोस्ती का हाथ बढ़ाया। यदि गुट निरपेक्षता की नीति के साथ साथ भारत अपनी सैनिक शक्ति भी बढ़ावे व परमाणु अस्त्र बनाए तो अन्तर्राष्ट्रीय जगत में उसे सम्मान प्राप्त होगा। परन्तु इसके विरोधियों का मत है कि यदि परमाणु अस्त्र से ही भारत की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकती है तो शांति प्रयासों का कोई मतलब नहीं होगा। वस्तुतः भारतीय परिप्रेक्ष्य में परमाणु अस्त्रों की परिकल्पना भी अग्राह्य है। जहाँ पर आध्यात्मिक शक्ति विद्यमान हो वहाँ अस्त्रों की क्या आवश्यकता है। अतः परमाणु अस्त्रों जैसे विध्वंसक, विनाशकारी प्रयासों से अलग रहना ही हमारे लिए श्रेयस्कर है।

8. आरामदेह मृत्यु

अमरीका के एक चिकित्सक ने एक ऐसे इन्जेक्शन का निर्माण किया जिसको लगाने से आदमी आसानी से मौत की नींद सो सकता है। इस इन्जेक्शन को लगवाकर आदमी लेट जाता है और दो सेकेण्ड के बाद बिना किसी कष्ट के उसकी मृत्यु हो जाती है। अनेक लोग इसे लगवाकर अपने कष्टमय जीवन से छुटकारा पाना चाहते हैं। कुछ लोग इस इन्जेक्शन को वरदान मानते हैं क्योंकि वे अपनी मृत्यु को जीने से अच्छा समझते हैं। अनेक लोगों ने इसका प्रतिरोध भी किया। उनका मानना है कि यदि भावावेश में आकर व्यक्ति इसका प्रयोग कर ले तो वह अपने जीवन से हाथ धो बैठेगा। रोगियों के परिवार इसलिए सन्तुष्ट हो सकते हैं कि रोगी आरामदेय मौत मरें। कुछ चिकित्सक भारत में ऐसे इन्जेक्शन के प्रयोग की अनुमति माँग रहे हैं।

9. रथ शोभा यात्रा

श्री लाल कृष्ण आडवाणी ने अयोध्या में राम मन्दिर के निर्माण के लिए सोमनाथ से रथ शोभायात्रा निकाली। उनका कहना था कि रथयात्रा हिन्दू मुसलमानों में परस्पर सौहार्द बढ़ाने के लिए निकाली गई है। परन्तु यात्रा के बाद विभिन्न प्रदेशों में जग जगह साम्प्रदायिक दंगे भड़क उठे तथा अनेक लोगों ने अपने प्राणो की आहुति दी। रथयात्रा के समर्थकों के अनुसार रथ जहाँ जहाँ गया मुसलमानों ने उसका स्वागत किया तथा भरपूर सहयोग दिया। भारत सरकार ने रथ यात्रा आन्दोलन की वजह से श्री आडवाणी को समस्तीपुर।बिहार। में गिरफ्तार कर लिया तथा रथयात्रा अधूरी रह गई। इसके फलस्वरूप जनता में आक्रोश व्याप्त है तथा इसके विरोध में विभिन्न प्रदर्शन किये गये हैं। भविष्य में ऐसी शोभायात्रा निकाले जाने का [illegible] है।

10. रेलवे की सम्पत्ति पर अवैध अधिकार

कल्पना करें कि आज से चालीस वर्ष पूर्व एक महिला के पिता ने रेलवे की जमीन पर मकान बनाया था। तब से आज तक वह महिला इस मकान में रह रही है। रेलवे अधिकारी ने मौखिक रूप से महिला से 10 दिन में मकान खाली करने को कहा व 11 वें दिन उसने आवास को ढहाकर ध्वस्त करने के लिए श्रमिक भेज दिये। महिला का कहना है कि उसे मकान खाली करने का न तो कोई लिखित आदेश दिया गया है और न ही सुनवायी का अवसर दिया गया है। वह एक गरीब विधवा है। उसे मकान से विधि सम्मत ढंग से ही बेदखल किया जा सकता है।

11. सांस्कृतिक प्रदूषण का भय

संस्कृति एवं धर्म प्रसार से सम्बन्धित लोगों के समक्ष आज तरह तरह की चुनौतियाँ विद्यमान हैं। श्री उपेन्द्र नाथ अश्क ने कहा है," हम बड़े ही भयानक दौर से गुजर रहे हैं और ऊपरी चकाचौंध के नीचे हमारे समाज में कल्पनातीत तड़ाप पैदा हो रही है। आज हमारे नैतिक और साहित्यिक मूल्यों का विघटन होता जा रहा है । एक आदिवासी क्षेत्र में कुछ मिशनरी लोग अंग्रेजी माध्यम के स्कूल खोल रहे हैं जिसमें बच्चों को दोपहर का भोजन मुफ्त दिया जाता है । आदिवासी लोगों में से अनेक इन स्कूलों का विरोध कर रहे हैं क्योंकि उन्हें अपनी संस्कृति के दूषित होने का भय है। वे मिशनरियों को आदिवासी क्षेत्र से बाहर निकलवाना चाहते हैं। मिशनरी खरीदी हुई जमीन बेचना नहीं चाहते हैं। कुछ आदिवासी चाहते है कि किसी भी बाहरी व्यक्ति को आदिवासी क्षेत्र में स्थायी निर्माण करने की अनुमति न दी जाय। उनकी राजनीतिक गतिविधियों या समाज सुधार कार्यक्रमों पर प्रतिबन्ध लगाया जाय। सरकार आदिवासियों के जीवन स्तर को सुधारना चाहती है तथा आदिवासी अपनी सांस्कृतिक धरोहर व भाषाई पहचान बनाये रखने के लिए विशेष सुविधाओं की माँग कर रहे हैं।

12. सती प्रथा

सती प्रथा एक ज्वलंत सामाजिक समस्या है। प्राचीन काल में यह जौहर प्रथा के रूप में प्रचलित थी। 1986 में दिवराला में रूपकंवर के सती होने पर सती प्रथा पर पुनः वाद विवाद शुरू हुआ। कुछ लोगों ने सती प्रथा को परम्परा का नाम दिया। बहुत सी ताकतें परम्परा के नाम पर अन्यायपूर्ण रीति-रिवाजों को जारी रखना चाहती हैं। सरकार ने सती प्रथा विरोधी कानून को और अधिक कठोर बनाया है। परन्तु इस सामाजिक बुराई को सामाजिक व मानसिक चेतना के अभाव में पुलिस की निगरानी में या सरकारी प्रचार द्वारा दूर नहीं किया जा सकता है। अनेक महिला संगठनों का मत है कि यह एक प्रकार की हत्या है व इससे नारी के सम्मान एवं पहचान पर कुठाराघात होता है। सती समर्थकों का कहना है कि एक औरत का सती हो जाना उनकी धार्मिक परम्परा का हिस्सा है। जो लोग नारी पुरुष को समानता की दृष्टि से देखते हैं वह यह नहीं चाहते कि एक भी नारी के साथ यह हादसा हो। वे ऐसे मूल्यों का विरोध करते हैं जिनके आधार पर स्त्री की महानता को इस प्रकार की कसौटी पर कसा जाय।

13. डाक विधेयक

डाक विधेयक के अन्तर्गत यह प्राविधान है कि राष्ट्रपति किसी भी डाक सामग्री को खोलकर पढ़ सकता है। राष्ट्रपति ने इस विधेयक को पुनः विचार करने के लिए सरकार के पास वापस कर दिया था। लोगों का कहना है कि यदि राष्ट्रपति को यह अधिकार हो तो लोगों के व्यक्तिगत जीवन पर प्रभाव पड़ेगा तथा उन्हें परेशानी होगी। सरकार का कहना है कि इस कदम से बहुत से गोपनीय सुराग मिल सकेंगे। जो देश को पतन में जाने से रोकेंगे। लोगों की धारणा है कि पत्रों तथा अन्य डाक के माध्यमों से ऐसी सूचनायें बाहर भेजी जाती हैं जिससे देश का नुकसान होता है।

14. अनुच्छेद 370 का हटना-एक आवश्यकता

संविधान का अनुच्छेद 370 जम्मू-काश्मीर पर पूरी तरह से लागू है परन्तु शेष संविधान उस हद तक व उस रूप में लागू है जिसे राष्ट्रपति संवैधानिक आदेश द्वारा विनिर्दिष्ट करें। इस अनुच्छेद के कारण क्षेत्रीय असंतुलन पैदा हुआ है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 3 के अनुसार भारतीय संसद राज्यों का नाम, उनका क्षेत्रफल और उनकी सीमाएं घटा बढ़ा सकती है। दो या अधिक राज्यों को मिला कर एकराज्य कर सकती है। ऐसा कानून बनाते समय जहाँ अन्य राज्यों के लिए राष्ट्रपति द्वारा प्रभावित राज्यों की विधान सभाओं को सिर्फ अपनी रायदेने का अवसर दिया जायेगा, वहाँ अनुच्छेद 370 के कारण जम्मू-काश्मीर के सन्दर्भ में विधान सभा की सहमति लेना

जरूरी होगा। इस प्रकार अनुच्छेद 3 कश्मीर पर इस तरह लागू होता है कि कश्मीर का अन्य राज्यों से भारी अलगाव मान्य होता है। चुनाव आयोग का अधिकार भी सीमित है क्यों कि जम्मू कश्मीर के स्थाई निवासियों के अलावा और किसी को जम्मू कश्मीर में विधान सभा के लिए मतदान का अधिकार नहीं है। कुछ लोग 370 अनुच्छेद को हटाने की माँग कर रहे हैं। उनका मानना है कि यह राष्ट्र की एकात्मकता में बाधक है। किसी एकराज्य के विशेष दर्जे को संविधान में बनाये रखना अन्य राज्यों को वैसी ही माँग करने के लिए प्रेरित करेगा। इस अनुच्छेद में बहुराष्ट्रवाद के बीज छिपे हैं।

15. आत्मदाह की पीड़ा

जब सरकार ने मंडल आयोग की सिफारिशों को भारत में लागू करने की बात कही तो देश के विद्यार्थी वर्ग में तूफान सा आ गया था। सवर्ण छात्रों ने तन मन धन से इसका विरोध किया। जब सरकार पर कोई असर नहीं हुआ तो छात्रों ने " आत्मदाह" जैसे कठोर व दर्दनाक तरीके का सहारा लिया। विद्यार्थी कहते हैं कि "अब हमारे जीने से कोई फायदा नहीं है। हमें नौकरी नहीं मिलेगी। अतः अब मरना ही बेहतर होगा। बहुत से होनहार विद्यार्थियों ने आत्मदाह का समर्थन किया है। उनके अनुसार आत्मदाह एक अहिंसक तथा शांतिपूर्ण आंदोलन है। कुछ लोगों का मत है है कि " आत्मदाह से किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकेगा। यह कायरता है तथा करने वालों को सजा देनी चाहिए।

16. प्रवेश परीक्षा अभिशाप या वरदान

विद्यार्थी विद्यालयों की आधारशिला होते हैं। उनका चयन सावधानी पूर्वक किया जाना चाहिए। अगर यह गलत ढंग से होता है तो विश्वविद्यालय की ख्याति गिरती है। आजकल फर्जी प्रमाणपत्रों व जाली अंकपत्रों को बनाकर प्रवेश पाने वालों की भरमार है। आजकल अनेक उच्च शिक्षा संस्था स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए परीक्षा लेती हैं, कुछ लोगों ने प्रवेश परीक्षा को वैध तो कुछ लोगों ने अवैध माना है। सर्वोच्च न्यायालय ने परीक्षा को वैध माना। एक समाचार के अनुसार प्रवेश परीक्षा में जो प्रश्न पूछे गये वे इन्टर स्तर के नहीं थे। गैस पेपर के नाम पर छात्रों को सस्ते प्रकाशकों के जरिये लूटा जरूर गया। तमाम पैसे खर्च करने के बावजूद जिन छात्रों का प्रवेश नहीं हुआ वे एक वर्ष तक क्या करेंगे? इसका उत्तर किसी के पास नहीं है। कुछ शिक्षक व विद्यार्थी प्रवेश परीक्षा के विरुद्ध हैं। इन्टरमीडियट परीक्षा में 60% से अधिक अंक पाने वाले अनेक विद्यार्थी इस परीक्षा में असफल रहे हैं व उन्होंने अन्य महाविद्यालयों में भी प्रवेश नहीं लिया है। यह सभी छात्र विश्वविद्यालय में प्रवेश चाहते है व इसके लिए आन्दोलन करना चाहते हैं।

प्रारूपी पाठ योजना

1: शैक्षिक उद्देश्य-

1. विद्यार्थी अपने प्रारंभिक निर्णय को संशोधित कर सकेंगे।
2. विद्यार्थी अपने निर्णय के परिणामों को अनुमानित कर सकेंगे।
3. विद्यार्थी सामाजिक चर्चा सम्बन्धी कौशल विकसित कर सकेंगे।
4. विद्यार्थी समस्या विवरण में निहित मूल्यों को पहचान सकेंगे।

2: प्रावस्था 1: समस्या परिचय

समस्या शीर्षक-"राष्ट्रगान में धर्मगान के स्वर"
समस्या सम्बन्धी मुख्य तथ्य-समस्या विवरण में रेखांकित करें।

3: प्रावस्था 2: विवादों की पहचान

(अ) सार्वजनिक नीति प्रश्नों की पहचान

1. क्या प्रत्येक भारतवासी के लिए राष्ट्रगान गाना अनिवार्य करने के लिए कानून बनना चाहिए ?
2. क्या अल्पसंख्यक विद्यालयों में राष्ट्रगान के बजाय धर्मगान गाने की अनुमति मिलनी चाहिए ?

(ब) एक नीति प्रश्न का चयन तथा उसमें निहित मूल्य द्वन्द्व का वर्णन

राष्ट्रीय धरोहर पर गर्व　　　अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता व धर्मनिरपेक्षता

विरोधी

(स) समस्या से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तथ्यात्मक प्रश्न

1. क्या संविधान के अनुच्छेद 19(1) व 25(1) के अनुसार छात्रों को राष्ट्रगान गाने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है ?
2. क्या राष्ट्रगान में कोई ऐसी बात है जिसे गाने से किसी व्यक्ति की धार्मिक भावनाएं आहत हो सकती हैं ?

(द) द्वन्द्व में निहित परिभाषिक समस्याएं

....

4: प्रावस्था 3: निर्णय लेना

नीति प्रश्न का उत्तर: हाँ( ) नहीं ( )

5: प्रावस्था 4: निर्णय कीखोज

निम्न में से सर्वाधिक उपयुक्त तर्क विमर्श प्रतिमान पर (✓) का निशान लगायें। किसी एक या अधिक उपयुक्त प्रतिमान को चुनें।

(अ) तथ्यात्मक बल: उस बिन्दु का निर्धारण जहाँ किसी मूल्य का उल्लंघन होता है। उदाहरण लिखें।

1.यदि कोई गूँगा या गम्भीर रूप से बीमार व्यक्ति राष्ट्रगान न गाये परन्तु खड़ा हो जाये तो क्या इससे उसके राष्ट्रप्रेम का पता नहीं चलेगा ?

2.यदि किसी धर्म के प्रमुख देश के किसी भाग को भारत से अलग करने की घोषणा करें तो क्या यह धर्मनिरपेक्षता होगी ?

3.किन परिस्थितियों में राष्ट्रगान न गाया जाना क्षम्य होना चाहिए ?

(ब)तथ्यात्मक बल: प्रत्येक निर्णय के वांछनीय तथा अवांछनीय परिणामों को सिद्ध करना। उदाहरण लिखें-

....

....

(स)सादृश्य की सहायता से मूल्य द्वन्द्व का स्पष्टीकरण करना। उदाहरणार्थ-

....

....

(द)मूल्य प्राथमिकताओं का निर्धारण: एक मूल्य के सापेक्ष दूसरे मूल्य की प्राथमिकता पर बल देना तथा दूसरे मूल्य के पूर्ण उल्लंघन न होने का प्रदर्शन करना । उदाहरणार्थ-

1.आप किस धर्म गुरू को अधिक सम्मान देते हैं?

2.यदि इस धर्म गुरू पर कोई हमला करे तो आप क्या करेंगे?

3.यदि कोई व्यक्ति आपके देश के साथ गद्दारी कर रहा हो तो आप क्या करेंगे?

4.यदि आपके धर्म गुरू देश को गुलाम बनाने की साजिश करें तो आप क्या करेंगे ?

5.राष्ट्र व धर्म में कौन अधिक महत्वपूर्ण है?

6:प्रावस्था 5: प्रारम्भिक निर्णय का परिष्कार व विशिष्टीकरण
संभव स्थानान्तरित निर्णय का उल्लेख करें।

प्रत्येक भारतवासी के लिए राष्ट्रगान गाना कानूनन अनिवार्य होना चाहिए यदि वह गाना गाने में सक्षम हो व भारत में रहने का इच्छुक हो।

वैयक्तीकृत न्यायिक पृच्छा कार्यपत्रक

कार्य (1) प्रथम पृष्ठ पर दिये गये समस्या विवरण को ध्यानपूर्वक पढ़ो तथा उसमें दी गई मुख्य बातों के नीचे रेखा खींचो।

कार्य (2) दिये गये समस्या विवरण के आधार पर नीति निर्णय के लिए कौन से विवाद उभरते हैं ?
जैसे—

उपर्युक्त के अलावा अन्य नीति प्रश्नों को सोचो तथा उन्हें लिखो।

1 ....

2 ....

3 ....

कार्य (3) उपर्युक्त नीति प्रश्नों में से प्रथम प्रश्न पर विचार करो तथा अपना निर्णय लिखो ?

निर्णय— हाँ/नहीं

अपने निर्णय के समर्थन में तर्क लिखो—

....

....

....

....

कार्य (4) आपके कुछ साथी आपके निर्णय से असहमत हो सकते हैं। उनके मूल्य आपसे भिन्न होंगे। नीति निर्णय के समय आपको किन मूल्यों में विरोध का सामना करना पड़ सकता है ?

.... विरोध ....

कार्य (5) आप अपने साथियों के निर्णयों का विरोध करते समय कौन से तर्क दे सकते हैं। अपने तर्क नीचे लिखो

1 ....

2 ....

3 ....

4 ....

कार्य (6) आपके साथी आपके निर्णय का विरोध करने हेतु कौन से तर्क दे सकते हैं ? उनके संभव तर्क नीचे लिखो

1 ....

2 ....

3 ....

4 ....

कार्य (7) नीचे नीति निर्णयों के कुछ परिणाम दिये गये हैं। इन पर विचार करो तथा दिये गये परिणामों के अतिरिक्त अन्य परिणाम सोचो व रिक्त स्थान में लिखो। फिर वांछनीय परिणामों के सामने बने खाने में (✓) का चिन्ह बनाओ तथा अवांछनीय परिणामों के सामने बने खाने में (×) का चिन्ह बनाओ। यह भी सोचो कि ये परिणाम किन परिस्थितियों में संभव होंगे ?

उत्तर:- हाँ/नहीं

कारण:- ....

....

कार्य॥9॥ अभी तक आपने नीति निर्णयों के पक्ष में तथा विपक्ष में दिये जा सकने वाले तर्कों तथा उनसे सम्बन्धित परिस्थितियों पर विचार किया है। अब एक ऐसा निर्णय लिखो जिसमें तुम्हारे पहले निर्णय के विरोधी भी सहमत हों।

....

....

....

....

कार्य॥10॥ यदि आपके द्वारा ऊपर लिखे गये निर्णय को आपके द्वारा बतायी गयी परिस्थितियों में लागू किया जाय तो क्यापरिणाम होगें ?

....

....

....

....

न्यायिक पृच्छा कार्य-पत्रक

1. समस्या संख्या लिखो : [ ]

2. समस्या विवरण से सम्बंधित नीति प्रश्न नीचे लिखो—

   1. ....
   2. ....
   3. ....

3. चुने गये नीति प्रश्न में निहित विरोधी मूल्य नीचे लिखो—

   .... विरोध ....

   ....

4. नीति प्रश्न के बारे में अपना निर्णय लिखो—

   हाँ [ ] नहीं [ ]

5. अपने निर्णय के पक्ष/समर्थन में तर्क लिखो—

   ....
   ....
   ....
   ....

6: अपने निर्णय के परिणाम लिखो—

   ....
   ....
   ....
   ....
   ....
   ....

7. अपना संशोधित निर्णय नीचे लिखो—

   ....
   ....
   ....

न्यायिक पृच्छा प्रतिमान द्वारा शिक्षण: एक आलेख

§शि§ आज हम लोग विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर बातचीत करेंगे तथा मुद्दे में जुड़े हुए तथ्यों, परिभाषाओं और विरोधों का विश्लेषण करेंगे और बौद्धिक वाद विवाद के द्वारा उन मुद्दों को हल करने का प्रयास करेंगे । इस कार्य के लिए हम लोग एक शिक्षण प्रतिमान का उपयोग करेंगे जिसे न्यायिक पृच्छा प्रतिमान या ज्यूरिस प्रूडेन्शियल माडल कहते है । इस प्रतिमान को विकसित करने का श्रेय हारवर्ड विश्व विद्यालय के दो विद्वानों ओलिवर एवं शेवर को है । इस प्रतिमान के उपयोग से व्यक्ति में सामाजिक मुद्दों को हल करने तथा उन पर अपना पक्ष प्रस्तुत करने की योग्यता का विकास होता है एवं लोक तान्त्रिक समाज के योग्य कुशल नागरिक का निर्माण होता है । इस प्रतिमान के द्वारा विचार करने के दौरान हमें इस प्रतिमान के निर्धारित 6 चरणों से गुजरना पड़ता है । ये चरण हैं §1§ विवरण की जानकारी- जिसके अन्तर्गत एक समस्या प्रधान विवरण को पढ़ा और समझा जाता है तथा उसकी पूरी जानकारी सुनिश्चित करने के लिए उसके तथ्यों का विवेचन व पुनरावलोकन किया जाता है । §2§ मुद्दे का चयन- इसके अन्तर्गत तथ्यों के आधार सार्वजनिक नीतिके मुद्दों की पहचान होती है तथा विचारार्थ किसी एक महत्वपूर्ण मुद्दे का चयन होता है । तदुपरान्त चुने गए मुद्दे से सम्बन्धित तथ्यात्मक एवं परिभाषात्मक प्रश्नों का निराकरण किया जाता है । मुद्दे से सम्बन्धित मूल्यों का चयन तथा मूल्यों का विरोध दर्शाया जाता है । §3§ पक्ष लेना- इस चरण में ज्ञात तथ्यों के आधार पर समस्या §मुद्दे§ पर अपना पक्ष प्रस्तुत किया जाता है । तथा अपने पक्ष के समर्थन में दलीलें §प्रमाण§ प्रस्तुत की जाती हैं । §4§ पक्ष की जाँच- इस चरण में विभिन्न पक्षों की प्रासंगिकता स्थिरता, तथा विभिन्न परिस्थितियों में उनकी सार्थकता की जाँच वाद-विवाद या तर्कों द्वारा की जाती है । §5§ पक्ष के सुधार या परिवर्तन- चौथे चरण में प्रस्तुत तर्कों के आधार पर अपने पक्ष में सुधार या परिवर्तन किया जाता है । §6§ इस चरण में सुधरे हुए पक्ष के परिणामों तथा उनकी सार्थकता

की जाँच की जाती है तथा आधारभूत मान्यताओं पर विचार किया जाता है ।

यहाँ एक विवरण प्रस्तुत किया जा रहा है जिसमें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सार्वजनिक नीति के मुद्दे निहित हैं । अपने अध्ययन के प्रथम चरण में हम लोगों को विवरण को ध्यान पूर्वक पढ़ना है, उसके उपरांत विवरण पर हम लोग थोड़ी चर्चा करेंगे जिससे उसमे दिये गये सभी तथ्य सुस्पष्ट हो जायें अतः मुख्य तथ्यों का एक बार पुनरावलोकन करेंगे । इसके बाद विवरण की समस्याओं पर विचार करके उसके अन्तर्गत आने वाले सार्वजनिक नीति के मुद्दों की पहचान कर समस्या के रूप में संश्लिष्ट करेंगे ।

<u>विवरण का प्रस्तुतीकरणः-</u>

7 अगस्त 90 को भूतपूर्व प्रधान मन्त्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने एक जन सभा को सम्बोधित करते हुए इस बात की घोषणा कर दी कि सरकारी नौकरियों में पिछड़ी जाति के लोगों के लिए 27 % पद आरक्षित रहेंगे । इस घोषणाओं के दूसरे ही दिन से इस घोषणा का प्रबल विरोध किया जाने लगा । जगह-जगह प्रधान मन्त्री तथा उनके समर्थकों के पुतले जलाए गये, देश के विभिन्न भागों में विरोध प्रदर्शन के लिए बन्द रखा गया जिसमें करोड़ों रुपये की हानि हुई, देश के अधिकांश भाग में जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया । विभिन्न प्रदेशों के उच्चन्यायालयों में उक्त घोषणा के विरूद्ध याचिकाएं दाखिल होने लगी । बुद्धिजीवि तथा पत्रकारों की इस घोषणा पर <u>मिली जुली प्रतिक्रियायें</u> हुई । कुछ सांसदों ने इसका विरोध किया तथा लोक सभा में इस मुद्दे को लेकर <u>ध्रुवीकरण</u> आरम्भ हो गया । प्रधान मन्त्री ने विरोध को देखते हुए उक्त आशय का एक अध्यादेश लागू किया, विरोध और तीव्र हो गया जगह-जगह सवर्ण युवकों ने आत्मदाह करना प्रारम्भ किया और पूरे देश में इस मुद्दे को लेकर पुलिस के सतर्कता के बावजूद सैकड़ों लोगों ने आत्मदाह किया । प्रधान मन्त्री का कहना था कि हर इस प्रकार के परिवर्तन में इस प्रकार की दुखद घटनाएं होती है और आरक्षण की घोषणा

करके हमने पिछड़े वर्ग के लोगों के प्रति सामाजिक न्याय किया है । उनका कथन था कि वो इस आशय का वादा अपने चुनावी घोषणा पत्र में कर चुके थे अतः उसे पूरा न करके वो लोगों से विश्वासघात नहीं करना चाहते थे । उधर आरक्षण के समर्थकों ने भी जगह-जगह प्रदर्शन किया तथा अनेक जगहों पर समर्थकों एवं विरोधियों के बीच हिंसक झड़पें हुई । उधर प्रधान मन्त्री के समर्थक नेताओं ने विभिन्न स्थानों पर आरक्षण के समर्थन में रैलियाँ प्रारम्भ कर दीं तथा समर्थकों को हर प्रकार के संघर्ष के लिए तैयार रहने का आह्वान किया । उनके दृष्टिकोण में सरकारी कार्य कलापों में पिछड़े वर्ग के लोगों की संख्या केवल 4 % आस-पास थी जबकि उनकी जनसंख्या पूरी जन संख्या (देश की जन संख्या) की लगभग आधी है अतः आरक्षण अपने को देश की मुख्य धारा में जोड़ने का जरिया है । कुछ नेताओं ने देश की जनता को दो धाराओं में बाँटने का प्रयास किया और बहुत अंशों तक वो सफल भी रहें ।

§शि§ आइये इस बात को स्पष्ट कर लें कि विवरण के विभिन्न तथ्यों की जानकारी आपको हो गई है । इसके लिए आप लोग इस विवरण के प्रमुख तथ्यों को बताइये ।

§वि.§ पिछड़ी जाति के लिए 27% पद आरक्षित किए गए ।

§वि.§ आरक्षण विरोधी आन्दोलन में बहुत जन-धन की हानि हुई ।

§वि.§ आरक्षण को प्रधान मन्त्री और समर्थकों ने सामाजिक न्याय की संज्ञा दी ।

§वि.§ सरकारी नौकरियों में पिछड़े वर्ग के लोगों की संख्या 4% है ।

§शि.§ कुछ अन्य तथ्य बताइये, जैसे विरोध के लिए कानूनी प्रक्रियायें कौन-कौन सी की गयी?

§वि.§ प्रदेश के उच्च न्यायालयों में आरक्षण के विरुद्ध याचिकायें दायर की गयीं ।

§शि.§ न्याय पालिका ने इस सम्बन्ध में क्याकदम उठाये?

§वि.§ सर्वोच्च न्यायालय ने सभी याचिकाओं को अपने पास विचारार्थ मंगवा लिया तथा फैसले तक उक्त अध्यादेश पर स्थगन आदेश दे दिया ।

§शि.§ लोगों की आरक्षण के सम्बन्ध में क्या प्रतिक्रिया है?

§वि.§ कुछ लोग इसे उचित मानते हैं तथा कुछ लोग इसे अनुचित मानते हैं ।

§शि.§ मैं समझता हूँ कि सभी लोगों ने इस विवरण के विभिन्न पक्षों को अच्छी तरह समझ लिया है । अब इन तथ्यों के आधार पर आपको विवरण मे निहित सार्वजनिक नीति के मुद्दों की पहचान करनी है, तथा उसे प्रश्न के रूप में लिखना है । यहाँ आपको पुनः याद दिला दूँ कि सार्वजनिक नीति का मुद्दा वह प्रश्न है जो व्यक्तियों को सरकारी या सामाजिक मामलों में कार्य करने के चुनाव या निर्णय से सम्बन्धित हो, §अर्थात सार्वजनिक कार्य करने के सन्दर्भ में पूछा गया निर्णय प्रश्न है §उदाहरण के लिये, §1§ क्या भारत को परमाणु बम का निर्माण करना चाहिए? यह एक सार्वजनिक नीति का मुद्दा है यहाँ कार्य करने या चुनने का आशय § परमाणु बम का निर्माण § क्या उस कार्य का सार्वजनिक महत्व स्पष्ट है । इसी प्रकार का प्रश्न है कि क्या भारत को गुटनिरपेक्ष आन्दोलन में शामिल होना चाहिए? अब आप सार्वजनिक नीति के मुद्दों, जो इस विवरण से सम्बन्धित हैं को प्रश्न के रूप में §चाहिए प्रश्न§ बतायें ।

§वि.§ क्या आरक्षण होना चाहिए ?

§शि.§ आप अपने प्रश्न को और स्पष्ट करें, कि, किसका आरक्षण, किस लिए? आदि

§वि.§ क्या सरकारी नौकरियों में पिछड़ी जाति के लोगों का आरक्षण होना चाहिए?

§शि.§ ठीक है। अन्य कौन-कौन से मुद्दे यहाँ सम्बन्धित हैं?

§वि.§ क्या पिछड़ी जाति की उन्नति आरक्षण से होगी?

§शि.§ ध्यान से देखिए कि यह प्रश्न कार्य करने के चुनाव या निर्णय से सम्बन्धित नहीं है अतः यह प्रश्न सार्वजनिक नीति का मुद्दा नहीं हो सकता । यह एक तथ्यात्मक प्रश्न है । इसके समाधान के लिए हम इसके दावे की सत्यता की जाँच करेंगे । अन्य मुद्दों की चर्चा करिये ।

§वि.§ क्या आरक्षण का समर्थन करने वालों को तोड़-फोड़ करनी चाहिए?

§वि.§ क्या आरक्षण का विरोध करने वालों को आत्मदाह करना चाहिए?

§शि.§ दोनों प्रश्नों में आप लोगों ने यही कहने की कोशिश की है कि "क्या

अपने अधिकारों के मांग के लिए प्रदर्शन करना चाहिए?"

{वि.} हाँ.

{शि.} कुछ और मुद्दे ।

{वि.} क्या चुनाव जीतने के बाद पार्टी के सदस्यों को पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र में किये गये वादों का विरोध करना चाहिए? ।

{शि.} बहुत अच्छा, अब हमलोग आज के विवाद के लिए एक मुद्दा चुनते हैं । पहला प्रश्न "क्या सरकारी नौकरियों में पिछड़ी जाति के लोगों के लिए आरक्षण होना चाहिए?" विवरण का केन्द्रीय मुद्दा प्रतीत होता है । क्या हम इस मुद्दे को विचार हेतु ले लें ।

{वि.} ठीक है ।

{शि.} आइये, हम लोग यह देखें कि इस मुद्दे से कौन-कौन से मूल्य सम्बन्धित हैं । आप बताइये ।

{वि.} निर्बल वर्ग का कल्याण ।

{वि.} न्याय, योग्यता

{शि.} और कौन-कौन से मूल्य होंगे

{वि.} गुणवत्ता, श्रेष्ठता

{वि.} प्रतिनिधित्व

{वि.} दया, न्याय

{शि.} अच्छा, अभी तक हम लोगों ने मूल्यों को चुना, अब हम परस्पर विरोधी मूल्यों को एक साथ रखेंगे । अब आप लोग, विरोधी मूल्यों को बतायें ।

{वि.} निर्बल वर्ग का कल्याण तथा योग्यता

{वि.} निर्बल वर्ग का कल्याण तथा गुणवत्ता

{वि.} श्रेष्ठता या गुणवत्ता तथा प्रतिनिधित्व

{वि.} योग्यता तथा प्रतिनिधित्व

{शि.} अब हम लोग उपर्युक्त मूल्यों में से प्रमुख विरोधी मूल्यों पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे । यहाँ योग्यता तथा प्रतिनिधित्व मुद्दे के प्रमुख विरोधी मूल्य प्रतीत होते हैं ।

अब हम लोग मुद्दे से सम्बन्धित तथ्यात्मक प्रश्नों और परिभाषात्मक कठिनाइयों पर ध्यान देंगे । आइये देखें कि चुने गए मुद्दे से सम्बन्धित कौन-कौन से तथ्यात्मक प्रश्न है तथा कौन-कौन सी परिभाषात्मक कठिनाइयाँ हैं ।

{वि.} क्या आरक्षण का लाभ उचित लोगों को मिल जाता है?

{शि.} उचित लोगों से तुम्हारा क्या तात्पर्य है?

{वि.} उचित लोगों से हमारा तात्पर्य उन लोगों से है जो गरीब हैं?

{शि.} अर्थात् आपके कहने का तात्पर्य है कि क्या गरीब लोगों को आरक्षण का लाभ मिल पाता है? यह एक तथ्यात्मक प्रश्न है । इसी प्रकार के अन्य प्रश्न बताइये ।

{वि.} क्या आरक्षण के द्वारा चुने गए लोगों से गुणवत्ता प्रभावित होती है?

{वि.} सरकारी नौकरियाँ कुल नौकरियों की कितनी प्रतिशत हैं ?

{शि.} अब हम लोग परिभाषात्मक कठिनाइयों पर भी विचार करेंगे । आपको मुद्दे से सम्बन्धित कौन से शब्द इस प्रकार के लग रहे हैं जिनका अर्थ विभिन्न लोग अलग-अलग लगायेंगें ।

{वि.} पिछड़ी जाति के लोग

{शि.} आप लोग पिछड़ी जाति के अन्तर्गत किन लोगों को मानते है ?

{वि.} इसके अन्तर्गत वो लोग आते हैं जो गरीब हैं ।

{वि.} क्या गरीब ब्राह्मण पिछड़ी जाति का माना जायेगा?

{वि.} नहीं गरीबी के साथ सामाजिक रूप से पिछड़ा होना आवश्यक है । चूँकि ब्राह्मण या क्षत्रिय जाति की सामाजिक प्रतिष्ठा है, अतः उन्हें पिछड़ा नहीं कहा जा सकता है ।

{शि.} तो क्या पिछड़ी जाति और अनुसूचित जाति एक ही है?

{वि.} नहीं, इसके अन्तर्गत वो जातियाँ आयेंगी जो सामाजिक व आर्थिक रूप से अनुसूचित जाति की तुलना में विकसित एवं सवर्णों से कम विकसित हैं ।

{वि.} उनमें शैक्षिक पिछड़ापन भी होना चाहिए।

{शि.} अर्थात् पिछड़ी जातियाँ, वोजातियाँ हैं जिनमें अधिकांश लोगों की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति सवर्णों की तुलना में कमजोर है तथा अनुसूचित जातियों

से बेहतर है । तथा इन जातियों में तुलनात्मक रूप से शैक्षिक पिछड़ा पन भी होना चाहिए ।

॥वि.॥ "हाँ"

॥शि.॥ अच्छा, अब हम विचारार्थ "प्रतिनिधित्व एवं योग्यता" इन विरोधी मूल्यों को चुनते हैं । मैं आपसे अनुरोध करता हूँ कि चुने गए मुद्दे पर आप अपना पक्ष प्रस्तुत करें तथा उसके लिए तर्क दें । आप क्या सोचते हैं ?

॥वि.॥ मैं सोचता हूँ कि निर्बल वर्ग के उत्थान के लिए सरकारी नौकरियों मे आरक्षण होना चाहिए । क्यों कि उनमें अधिकांश लोग शैक्षिक दृष्टिकोण से पिछड़े हैं और साधन के अभाव में उनको उच्च पद नहीं प्राप्त हो पाता है । अतः सरकार का दायित्व है कि ऐसे लोगों को विशेष सुविधा प्रदान करे ।

॥वि.॥ स्वतंत्रता के 40 वर्षों के बाद भी पिछड़ी जाति की संख्या सरकारी नौकरियों में 4% के करीब है जब कि पूरे देश में उनकी जन संख्या 50% से अधिक है अतः उन्हें उचित प्रतिनिधित्व मिल सके इसके लिए उन्हे आरक्षण मिलना चाहिए ।

॥शि.॥ आप दोनों लोग यह सोचते हैं कि पिछड़ी जाति के लोगों को आरक्षण मिलना चाहिए । और आप लोग प्रतिनिधित्व के हिमायती हैं । आप क्या सोचते हैं ॥वि.॥

॥वि.॥ सभी को समान अवसर मिलना चाहिए, अधिक परिश्रम करके एक सवर्ण युवक अधिक अंक प्राप्त करता है परन्तु कम अंक वाले पिछड़ी जाति के युवक का चुनाव हो जाता है । यह एक प्रकार का अन्याय है अतः पिछड़ी जाति के लिए कोई आरक्षण नहीं होना चाहिए ।

॥वि.॥ आरक्षण से आये लोगों की योग्यता अपेक्षाकृत कम होती है अतः इससे कार्य की गुणवत्ता प्रभावित होती है ।

॥वि.॥ उच्च वर्ग में भी साधन हीन लोग हैं अतः उनको आरक्षण न देकर पिछड़ी जाति के लोगों को आरक्षण देने का कोई औचित्य नहीं है ।

॥शि.॥ अर्थात् आप लोगों का कहना है कि आरक्षण नहीं होना चाहिए । और सबको एक समान अवसर मिलना चाहिए या योग्यता के अनुसार चयन

होना चाहिए ।

{वि.} "हाँ"

{शि.} मैं यह भी अनुरोध करूँगा कि आपसी विचार विमर्श के लिए एक पक्ष के लोग पास-पास आ जाएँ । इस प्रकार दो पक्ष हो गए एक पक्ष योग्यता का हिमायती है तो दूसरा प्रतिनिधित्व का । आइये हम लोग पहले उन लोगों के पक्ष पर विचार करें जो यह सोचते हैं कि आरक्षण नहीं होना चाहिए । अच्छा तो आप तैयार हैं? आप अपनी बात कहिए ।

{वि.} जैसा मैंने कहा है कि सभी को समान अवसर मिलना चाहिए और योग्यता को ही मान दण्ड माना जाना चाहिए । ऐसा न करने से सवर्णों के प्रति अन्याय होता है ।

